# आटिज्म में सामाजिक सोच समझ में कमी

आटिज्म एक प्रकार की पहेली ही जिसकी सारी बातें अभी नहीं पता हैं. अनेक तरह की परेशानियां अनेक स्तरों पर होती है जिनका कोई एक कारण नहीं है.[i]

आटिज्म में सामाजिक समझ की क्षमता में कमियों और अच्छाई में बहुत विभिन्नता होती हैं [ii,iii]. ऐसे ही सामान्य लोगों में भी सामाजिक समझ की क्षमता में फ़र्क होता है, लेकिन उससे उनकी बात चीत कर पाने की क्षमता या दोहराने वाले व्यवहारों का अकसर कोई सम्बन्ध नहीं होता[iv,v].

आटिज्म की मानसिकता के विश्लेषण के दो मुख्य वर्ग हैं:

A. सामाजिक समझ (औरों के सोचने की समझ[vi], एहसास को समझना[vii] और सामाजिक रुझान[viii]) में कमी प्राथमिक है.

B. समस्त समझ बूझ में कमी जैसे: योजना व संगठन की क्षमता में कमी[ix], किसी आक्रती या स्थिति के छोटे हिस्सों में ज्यादा ध्यान देना [x,xi], ध्यान दे पाने की क्षमता में कमी[xii].

## औरों के सोचने को समझना (Theory of Mind (ToM))

हम दूसरों से मिलकर व उनके व्यवहार को जानकर उनकी सोच, उनके विचार और एहसास और उनके यकीन समझते है और उससे उनकी इच्छा, प्रेरणा और उनके उद्देश्य को समझते हैं. आटिज्म में इस क्षमता में कमी होती है और इससे भाषा, कल्पनाशीलता और औरों से मिलकर ध्यान देने की क्षमता पर असर पड़ता है.[vi,vii, viii]

अभी इस बात पर शक है की आटिज्म में सिर्फ यही एक कमी है क्योंकि आटिज्म के कुछ चिन्ह बच्चों में इस क्षमता के विकास से पहले ही दिखाई देते हैं.

## ध्यान दे पाने की क्षमता में कमी (Impaired attentional processes)

आटिज्म में ध्यान पाने की क्षमता विभिन्न होती है[xii] - कुछ मुख्य या ख़ास हिस्सों पर ध्यान ज्यादा दिया जाता है व अन्य हिस्सों या बातों की अवहेलना होती है या उन्हें नकारा जाता है. इससे सामाजिक परिस्थितियों को समझने पर असर पड़ता है.[xiii].

## एहसास को समझने में कमी (Emotional processing difficulties)

आटिज्म में औरों के चेहरे व हाव भाव देखकर उनके एहसास को समझने में कमी होती है. इससे सामाजिक पारस्परिकता पर असर पड़ता है.[vii]

## सामाजिक रुझान में कमी (Social orienting deficit)

आटिज्म में और सब बातों के बीच में से सामाजिक संकेतों को भांपने में और समझने में कमी होती है[xiv,xv].

## योजना व संगठन की क्षमता में कमी (Executive dysfunction)

आटिज्म में अपने लक्ष्य पर ध्यान बना कर रखने में, उसके लिए योजना बनाने में और नयी बातों से या परिवर्तनों से निपटने की क्षमता में कमी होती है. इस तरह की कमी ध्यान ना दे पाने के विकार (ADHD) में भी होती है.[ix]

## स्थिति के अर्थ को ना समझना और छोटे हिस्सों में ज्यादा ध्यान देना (Weak central coherence or enhanced processing of local features)

सामाजिक स्थिति को समझने के लिए पूरी स्थिति को भांपकर समझना होता है, एक छोटे हिस्से पर ही ज्यादा ध्यान देने से पूरी स्थिति की सामाजिकता समझने में कमी होती है.[x,xi]

आटिज्म की विभिन्नताओं को देखते हुए यह जाहिर होता है कि मस्तिष्क और मानसिकता पर कई तरह के असर मिलकर होते हैं.

---

[i] Happé, F., Ronald, A., & Plomin, R. (2006). Time to give up on a single explanation for autism. Nature neuroscience, 9(10), 1218-1220.
[ii] Constantino, J.N., Przybeck, T., Friesen, D. & Todd, R.D. Reciprocal social behavior in children with and without pervasive developmental disorders. J. Dev. Behav. Pediatr. 21, 2–11 (2000).
[iii] Constantino, J.N. & Todd, R.D. Autistic traits in the general population: a twin study. Arch. Gen. Psychiatry 60, 524–530 (2003).
[iv] Ronald, A. et al. Genetic heterogeneity between the three components of the autism spectrum: a twin study. J. Am. Acad. Child Adolesc. Psychiatry 45, 691–699 (2006).
[v] Ronald, A., Happe, F., Price, T. S., Baron-Cohen, S., & Plomin, R. (2006). Phenotypic and genetic overlap between autistic traits at the extremes of the general population. Journal of the American Academy of Child & Adolescent Psychiatry, 45(10), 1206-1214.

[vi] Baron-Cohen, S., Tager-Flusberg, H. & Cohen, D. Understanding Other Minds: Perspectives from Autism and Developmental Cognitive Neuroscience (Oxford Univ. Press, Oxford, 2000).
[vii] Shultz R.T., Cahwarska K & Volkmar F.R., Perspectives from neuropsychology and neuroimaging. In: Moldin, S.O. & Rubenstein, J.L.R. Understanding Autism: From Basic Neuroscience to Treatment. Taylor & Francis, Boca Raton, Florida 2006. Pp 323-348.
[viii] Klin, A., Volkmar, F.R. & Sparrow, S.S. Autistic social dysfunction: some limitations of the theory of mind hypothesis. J. Child Psychol. Psychiatry 33, 861–876 (1992).
[ix] Hill, E.L. Executive dysfunction in autism. Trends Cogn. Sci. 8, 26–32 (2004).
[x] Happé, F. & Frith, U. The weak coherence account: detail-focused cognitive style in autism spectrum disorders. J. Autism Dev. Disord. 36, 5–25 (2006).
[xi] Mottron, L., Dawson, M., Soulieres, I., Hubert, B. & Burack, J. Enhanced perceptual functioning in autism: an update, and eight principles of autistic perception. J. Autism Dev. Disord. 36, 27–43 (2006).
[xii] Belmonte, M.K. & Yurgelun-Todd, D.A. Functional anatomy of impaired selective attention and compensatory processing in autism. Brain Res. Cogn. Brain Res. 17, 651–664 (2003).
[xiii] Neumann, D., Spezio, M. L., Piven, J., & Adolphs, R. (2006). Looking you in the mouth: abnormal gaze in autism resulting from impaired top-down modulation of visual attention. Social cognitive and affective neuroscience, 1(3), 194-202.
[xiv] Sasson, N., Tsuchiya, N., Hurley, R., Couture, S. M., Penn, D. L., Adolphs, R., & Piven, J. (2007). Orienting to social stimuli differentiates social cognitive impairment in autism and schizophrenia. Neuropsychologia, 45(11), 2580-2588.
[xv] Klin, A., Jones, W., Schultz, R., Volkmar, F., & Cohen, D. (2002). Defining and quantifying the social phenotype in autism. American Journal of Psychiatry, 159(6), 895-908.